संस्कृति की विशेषताएँ

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। सामाजिक प्राणी होने के कारण उनके पास जो भी है और जो सीखता है वह उस मनुष्य की संस्कृति है। संस्कृति की विशेषताएँ निम्नलिखित है!—

① संस्कृति सीखी जाती है!—

संस्कृति आनुवंशिकता के आधार पर एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में नहीं जाती है, बल्कि समाज में रहकर उसे सीखता है। समाजीकरण के द्वारा बच्चे जो अपने माता-पिता, पड़ोसी, संगी-साथी, शिक्षक या किसी अन्य व्यक्ति के संसर्ग में सीखते है, वहीं संस्कृति है। संस्कृति एक ऐसी चीज है, जिसे हम सीखकर ही प्राप्त करते है। यह कोई जैविक प्रक्रिया नहीं है। यह मुख्य रूप से सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है।

② संस्कृति सम्प्रेषित होती है!—

चूँकि संस्कृति सीखी जाती है इसलिए यह आसानी से एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तांतरित हो जाती है। हम अपने बच्चों को घर पर या विद्यालयों मे विद्यार्थियों को जो ज्ञान देते है, तो उसका एकमात्र उद्देश्य ज्ञान को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी मे हस्तांतरित करना होता है। आधुनिक मानव समाज के पास ज्ञान का इतना बड़ा भंडार इस बात का प्रमाण है कि संस्कृति एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित हुई है।

③ संस्कृति सामाजिक होती है!—

मनुष्य की उसी उपलब्धि को संस्कृति माना जाता है

जिसमें समस्त समाज की भागीदारी होती है।
जिन चीजों के निर्माण या प्रयोग में समस्त समाज की भागीदारी होती है, उसी को संस्कृति के अन्तर्गत रखा जाता है।
हाबेल के अनुसार ! — "संस्कृति साझे की चीज है।"

④ संस्कृति एक आदर्श के रूप में : —

प्रत्येक समाज की कुछ सांस्कृतिक आदर्श होते है, जिसे समाज पालन करने के लिए लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बाध्य करता है, जैसे — हिन्दु समाज में ब्राह्मणों के द्वारा पूजा-पाठ कराना, जनेऊ पहनना, शाकाहारी भोजन करना इत्यादि एक प्रकार का सांस्कृतिक आदर्श है।

⑤ संस्कृति तृप्तिदायक है : —

प्रत्येक समाज अपने लोगों से यह अपेक्षा करते है कि परंपरा से चली आ रही राहों पर चलकर वह अपनी इच्छाओं की पूर्ति करें। जैसे — हिन्दु समाज मे अपनी ही जाति में विवाह करना।

⑥ संस्कृति में अनुकूलन की क्षमता होती है। —

संस्कृति व्यक्ति को विभिन्न परिस्थितियों में समंजन के लिए रास्ता दिखाती है। यही कारण है कि विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों एवं कालों की अपनी संस्कृति होती है, गर्म देशों की संस्कृति ठंडे प्रदेशों से भिन्न होती है, मैदानी क्षेत्रों और पहाड़ी क्षेत्रों के लोगों कि जीवनशैली अलग-अलग है।

⑦ संस्कृति समन्वयकारी होती है। —

प्रत्येक संस्कृति में एक किस्म की एकीकरण के कड़ी के रूप में कार्य करती है।